# सामाजिक समाचार

## सिठोठ महेन्द्रगढ़ में छात्रावास भवन निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री ने 51 लाख रु. देने की घोषणा की

22 अप्रैल, 2018 को जांगिड ब्राह्मण कल्याण सभा महेन्द्रगढ़ द्वारा विश्वकर्मा छात्रावास का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह (दादरी रोड़ पर ओवर ब्रिज के समीप) सिठोठ महेन्द्रगढ़ में किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री नेमीचन्द जांगिड भामाशाह अवॉर्ड से सम्मानित एवं उद्योगपति गाँधी धाम द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री हरियाणा प्रो. राम बिलास शर्मा थे। शिक्षा मंत्री ने जांगिड ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा बनने वाले भवन के निर्माण के लिए 51 लाख रुपए देने की घोषणा के साथ शिलान्यास भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भिवानी महेन्द्रगढ़-भिवानी के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रमुख राजेश देवी के पति पप्पल यादव ने परिषद की ओर से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। शिलान्यास कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा हमारी प्रथम प्राथमिकता हर समाज व सामाजिक संस्थाओं को मजबूत करना है। यह छात्रावास आने वाले समय में भगवान विश्वकर्मा विश्वविद्यालय पलवल की एक शाखा के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने बताया पलवल में स्थापित भगवान विश्वकर्मा विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष में ही एक हजार से अधिक छात्रों ने दाखिला लिया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार स्टार्टअप इण्डिया कार्यक्रम को बढ़ावा दे रही है। सरकार ने दस करोड़ रुपए का फण्ड रोजगार इच्छुक बच्चों के रोजगार के लिए निर्धारित किया है, ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें।

सांसद चौ. धर्मवीर सिंह ने कहा हमें बहुत खुशी हुई कि दूसरों के लिए आलीशान भवन बनाने वाले समाज के पास स्वयं का भवन उपलब्ध हो जाएगा। इस भवन में गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण करके समाज का नाम रोशन करेंगे। एस.डी.एम. उत्तम सिंह, सभा के प्रधान राजेश जांगडा, सुभाष चन्द, बंशीधर भगड़ाना, ग्यारसीलाल, ताराचन्द, गजराज, मोनिका नागर, संतोष पी.टी.आई., देवेन्द्र जांगडा, अमित मिश्रा, डॉ. तरूण, नरेन्द्र, सतवीर नोताना, रामचन्द्र, मुकेश, माता प्रसाद, दुलीचन्द, नरेश माधोगढ़, अभिलक्ष्य जांगड़ा, विनोद जांगडा, मनोज कुमार पूर्व जिला प्रधान महेन्द्रगढ़, आशा राम जी पूर्व प्रधान रेवाड़ी, केप्टन हेमराज पूर्व उपप्रधान महासभा (कोटपूतली), तुलसीराम पूर्व प्रधान गुड़गाँव, पो.मा. किशनलाल महेन्द्रगढ़, छोटेलाल कोथल, ठेकेदार ओमप्रकाश अटेली, मा. माता प्रसाद खायरा, श्यामलाल खायरा आदि उपस्थित हुए।

इस अवसर पर भामाशाह एवं दानदाताओं ने निम्नप्रकार सहयोग किया:-

श्री नेमीचन्द जांगिड गाँधीधाम - 11,00,000/-, श्री करतार सिंह द्वारका दिल्ली-2,51,000/-, श्री सतीश कुमार दिल्ली-51,000/-, खाटूश्याम धर्मशाला प्रधान विरेन्द्र सिंह जी-11,000/-, केप्टन सूरजभान सिहोर-51,000/- आदि।

कुल घोषणाएं : 1,17,00,000/-रुपए की हुई।

## शाखा सभा भांकरोटा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

11 अप्रैल, 2018 की अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा भांकरोटा (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री रामपाल वाले हनुमान जी आनन्दवन के सामने, सिरसी रोड़, सिरसी (जयपुर) में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा। अति विशिष्ट अतिथि श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर एवं श्री मुकेश शर्मा पार्षद वार्ड नं. 33 जयपुर, विशिष्ट अतिथियों में श्री कैलाश लोईवाल मुख्य संरक्षक जिला सभा जयपुर, श्री बाबूलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्रीमती संतोष जांगिड पूर्व पार्षद, श्रीमती मधु शर्मा पार्षद वार्ड नं. 12 आदि मंचासीन हुए। अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सभी अतिथियों का माला, साफा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति अध्यक्ष श्री भगवान सहाय जांगिड, श्री बाबूलाल आसल्या, श्री छीतर जी धारण्या, श्री भंवर जी रोहलीवाल तथा महामंत्री श्री सत्यनारायण सेईवाल, कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश धंधेरवा एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। जिनमें **अध्यक्ष** श्री भगवान सहाय जांगिड, **उपाध्यक्ष** श्री बाबूलाल, श्री छीतरमल, श्री भंवर, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष** श्री लालचन्द जांगिड, **महामंत्री** श्री सत्यनारायण, **कोषाध्यक्ष** श्री ओमप्रकाश, **प्रचार मंत्री** नन्द किशोर, रामफूल, कालूराम, ओम जी, **संगठन मंत्री** देवनारायण, रामेश्वर, राधेश्याम, बाबूलाल, **सलाहकार** श्री लादूराम, बालचन्द (कुण्डा), **संरक्षक** श्री बुद्धि प्रकाश खोवाल, **प्रवक्ता** विनोद जांगिड, सहमंत्री घासी कींजा, बुद्धिप्रकाश केशुपुरा, चांदकुमार आदि ने शपथ ली। अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ। लगभग 500 समाज बन्धुओं की उपस्थिति में समारोह सम्पन्न हुआ।

## फलसूण्ड (जैसलमेर) विश्वकर्मा मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

23 अप्रैल, 2018 से 27 अप्रैल, 2018 तक 5 दिवसीय भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन श्री विश्वकर्मा भगवान मन्दिर फलसूण्ड (जैसलमेर) में सुथार समाज संस्थान फलसूण्ड द्वारा आयोजित किया गया।

प्रात: मन्दिर परिसर में पूजा-अर्चना की गई तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गई। मन्दिर के शिखर पर कलश स्थापना कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर यजमानों ने मन्दिर परिसर में यज्ञ किया तथा आहुतियाँ दीं। यज्ञ पूर्णाहूति पर प्रसादी वितरण किया गया। अन्तिम दिन मन्दिर परिसर में धर्मसभा का आयोजन हुआ। स्वामी जी की ढाणी के महन्त रावलपुरी महाराज के सान्निध्य, क्षेत्रीय

विधायक शैतान सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, सुथार समाज के अध्यक्ष श्री गोपाराम कुलरिया की अध्यक्षता में आयोजित धर्मसभा में बड़ी संख्या में लोगों भाग लिया। विधायक महोदय ने कहा मन्दिर, प्याऊ धर्मशाला आदि का निर्माण पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ती जा रही है जो एक चिन्ता का विषय है। नशे से दूर रहने तथा गौ माता की सेवा करने के लिए भी आह्वान किया।

इससे पूर्व गुरुवार की रात्रि में मन्दिर परिसर में जागरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें तारातरा मठ के महन्त शिवगिरी महाराज, परेऊ महन्त ओंकार भारती ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

मन्दिर में झण्डे की बोली 15 लाख भुंजगढ़ के किरताराम सुथार ने लगवाई वहीं इस मौके पर बोलियों से 51 लाख रुपए मन्दिर के लिए लोगों ने दिए। भजन संध्या में तारातरा के मठाधीश स्वामी प्रतापपुरी महाराज ने भी भजन के माध्यम से भक्तजनों का शुभ कर्म करने, दीन-दु:खी की सेवा करने, एक-दूसरे से प्रेम व साथ लेकर चलने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

स्थानीय विधायक श्री शैतान सिंह राठौड़ ने ग्राम में अपने विधायक कोटे से 10 लाख के सभा भवन का शिलान्यास भी किया। विधायक कोटे से 2 लाख रुपए की घोषणा शौचालय निर्माण के लिए भी की।

**समाज सेवी श्री फूलचन्द जांगिड एवं श्री रामपाल जांगिड सोडावास के सौजन्य से प्रथम नि:शुल्क आदर्श सामूहिक सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

30 अप्रैल, 2018 (पीपल पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर रॉयल चैम्बर सोडावास (अलवर) में समाज सेवी श्री फूलचन्द जांगिड, श्री रामपाल जांगिड सोडावास के सौजन्य से प्रथम नि:शुल्क भव्य आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 17 युगल परिणय सूत्र में बंधे।

प्रात: वर-वधु एवं परिजनों का आगमन हुआ। झण्डारोहण मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं अतिथियों के सहयोग से हुआ। वर शोभा यात्रा (निकासी) बैण्डबाजे व लवाजमें के साथ नाचते-गाते शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली गई। भगवान गणेश एवं विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों द्वारा किया गया। शोभा यात्रा रॉयल चैम्बर पर पहुँचने पर तोरण एवं वरमाला की रस्म अदा की गई। विद्वान पंडितों द्वारा वेदमंत्रोचार द्वारा सभी युगलों का पाणिग्रहण संस्कार किया गया।

दोपहर को अतिथि सत्कार समारोह हुआ, जिसके मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, समारोह की अध्यक्षता श्री रविशंकर जांगिड प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली द्वारा की गई। ध्वजारोहण श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान के सान्निध्य में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं अतिथियों का सहयोग रहा। विश्वकर्मा पूजन श्री कैलाश चन्द जांगिड प्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली द्वारा किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि श्री पूरण चन्द शर्मा प्रधान शिरोमणी सभा हरिद्वार थे तथा सम्मानीय अतिथि के रूप में श्री आर.पी. सिंह दिल्ली प्रदेश प्रभारी तथा श्री नरेश जांगिड पूर्व सरपंच टपूकड़ा उपप्रधान महासभा रहे। श्री गंगादीन जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज, श्री मदनलाल जांगिड महासचिव विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज (कानपुर), श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा दिल्ली, श्री अनिल जांगिड महासचिव विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली, श्री गोपाल शर्मा कोषाध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज, श्री गिरीराज प्रसाद उपप्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट, श्री ओमप्रकाश अध्यक्ष साधनगर पालम, श्री गोविन्दराम जी साधनगर, श्री प्रकाश जी कानपुरा, श्री सत्यनारायण जी कानपुरा आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का श्री फूलचन्द जांगिड, श्री रामपाल जांगिड द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा, साफा एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

पहली बार मंच पर बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत ''कन्या भ्रूण हत्या' पर बालक-बालिकाओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें पाण्डाल व मंच पर बैठे अतिथि भाव-विभोर हो उठे तथा करतल ध्वनि से इन बालक-बालिकाओं का अभिनन्दन किया। इनके द्वारा ये मैसेज पूर्ण समाज को गया तथा दूसरे समाज भी इससे सीख ले सकेंगे। इतना सुन्दर मंच, सुन्दर विशाल पाण्डाल देखते ही बनता था। भीषण गर्मी के मध्यनज़र आयोजकों ने शीतल जल, शीतल पेय तथा जलजीरा आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई। खाने में ऐसा स्वाद जो घर जैसा था। सभी व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं। 17 युगलों की यह शादी श्री फूल चन्द जी, श्री रामपाल जी द्वारा नि:शुल्क की गई तथा शादी का स्वरूप भी ऐसा रहा जैसे कोई अपनी बच्ची की शादी अपने घर से कर रहा हो। इस ऐतिहासिक नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में आप द्वारा लगभग 40-45 लाख रु. का खर्च वहन किया गया, जो कि आपकी परोपकार की भावना को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त अतिथियों में दिल्ली, बैंग्लोर, जयपुर, खैरथल, किशनगढ़ बास, तिजारा, भिवाड़ी, टपूकड़ा, कोटकासिम, कोटपूतली, थानागाजी, मालाखेड़ा बुर्ज, राजगढ़, अलवर, खेड़ली, नगर, पावटा, बानसूर, मुण्डावर, बहरोड़, रेवाड़ी, धारूहेड़ा, नारनौल, होडल आदि जगहों से सम्मेलन में पहुँचे व 4-5 हजार महिलाएं व पुरुष इस सम्मेलन के साक्षी बने तथा नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। पाणिग्रहण संस्कार के उपरान्त वर-वधुओं को अतिथियों द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया तथा विवाह के पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सामाजिक पत्रकार एवं मीडियाकर्मी भी उपस्थित हुए।

मंच संचालन श्री महादेव प्रसाद एडवोकेट अलवर, श्री मदनलाल जांगिड अहमदाबाद व श्री महेन्द्र कुमार बहरोड़ द्वारा की गई। उपहार स्वरूप युगलों को सोने-चाँदी के आभूषण एवं अन्य घरेलू सामान दिया गया।

अन्त में श्री रामपाल जांगिड द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का, नव-दम्पतियों, अभिभावकों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया गया।

## राजेश जांगिड (नोहटा) निर्विरोध तह. अध्यक्ष सांगानेर निर्वाचित

29 अप्रैल, 2018 को देहलास हनुमान जी के मन्दिर, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा सांगानेर, जयपुर के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें श्री राजेश जांगिड सुपुत्र श्री मूलचन्द जांगिड नोहटा जयपुर को चुनाव अधिकारी श्री भगवान सहाय जांगिड एवं उनकी टीम द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जांगिड समाज की एकता का परिचय देते हुए चारों प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। इससे पूर्व राजेश जांगिड शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

इस अवसर पर श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड मांगरोल अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री धन्नालाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष, श्री हनुमान जी टीलावाला पूर्व अध्यक्ष, श्री चौथमल जांगिड कंवरपुरा, श्री के.एल. शर्मा, श्री रूपनारायण जी बम्बाला, श्री छोटेलाल जी प्रहलादपुरा, श्री राधेश्याम जी सांगानेर, श्री रामप्रताप जी खोखावास, श्री बाबूलाल दणाऊ पूर्व तह. अध्यक्ष, श्री राजेन्द्र जांगिड (एस.आर. सेल्स), श्री पप्पू जी देशमा, श्री सूरज जी वाटिका, श्री नाथूलाल जी रूपवास, श्री गोपाल जी नगर, श्री नारायण जी खेड़ी, श्री कैलाश जी बंजारी, श्री बंशी जी, श्री सतीश जी, अशोक जी जगतपुरा आदि उपस्थित थे।

## श्री रमेश चन्द्र रावत तहसील सभा बस्सी (जयपुर) के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

6 अप्रैल, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा बस्सी (जयपुर) बैनाड़ा स्थित जांगिड ब्राह्मण छात्रावास सभा भवन एवं धर्मशाला में तहसील अध्यक्ष के नामांकन पत्र भरे गए। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भगवान सहाय शर्मा की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें चार निम्न नामांकन पत्र भरे गए:-

1. श्री रमेश चन्द रावत बस्सी, 2. श्री मदनलाल जिठावा, 3. श्री राकेश कुमार जांगिड भाँकरी, 4. श्री भैरूलाल चिचावा, 5. श्री हंसराज जांगिड दामोदरपुरा।

सभी उपरोक्त नामांकन पत्र जाँच में सही पाए गए। उसके पश्चात् जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार, श्री मुकेश झाझवाड़ तहसील अध्यक्ष एवं श्री रामबाबू रावत पूर्व तहसील अध्यक्ष के अथक प्रयासों के द्वारा श्री रमेश चन्द रावत को निर्विरोध अध्यक्ष एवं श्री मदनलाल जिठावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री भैरूलाल चिचावा को महामंत्री एवं श्री राकेश कुमार जांगिड को कोषाध्यक्ष बनाया तथा हंसराज जांगिड को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर सभी समाज बन्धुओं ने सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखा। बाहर से आए हुए अतिथियों में श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री भगवान सहाय कडवाणिया एवं तह. अध्यक्ष चाकसू श्री बाबूलाल बरखेडा, तह. अध्यक्ष कोटखावदा श्री नाथूलाल पिलवाल, श्री पूरणमल जी बस्सी, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाईन आदि उपस्थित थे।

सभी ने बस्सी तहसील के चुनाव में निर्विरोध प्रक्रिया की प्रशंसा की तथा सामाजिक एकता की मिसाल बताया।

कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य श्री मुकेश झाझवाड़ द्वारा किया गया। श्री रमेश चन्द रावत सुपुत्र श्री घीसीलाल जांगिड निवासी विजय कॉलोनी बस्सी (जयपुर) से हैं। नव निर्वाचित अध्यक्ष को मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई तथा नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

7 मई, 2018 को श्री रमेश चन्द रावत ग्राम सेवा सहकारी समिति बस्सी के उपाध्यक्ष के पद पर भी चुनाव में निर्वाचित हुए हैं।

## श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति (जा.ब्रा. समाज) बगरू द्वारा द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 युगल दाम्पत्य जीवन के बन्धन में बंधे।

29 अप्रैल 2018 को मन्दिर परिषद् बड़ के बालाजी, अजमेर रोड़, जयपुर में श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति बगरू (जयपुर) के तत्वावधान में द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 युगल दाम्पत्य जीवन के बन्धन में बंधे। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की संस्थाएं रही तह. सभा बगरू, श्री विश्वकर्मा चेरिटीबल ट्रस्ट बगरू, जांगिड धर्मशाला विकास समिति, बड़ के बालाजी विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति तह. सभा बगरू आदि।

प्रातः वर-वधु आगमन हुआ। सभी वर पक्षों की घोड़ी पर सवार होकर बैण्ड बाजे, लवाजमे एवं झूमते गाते हुए महिलाऐं एवं पुरूष मन्दिर प्रांगण स्थित पाण्डाल पर पहुँचे जहाँ पर पंड़ितों द्वारा तोरण की रस्म अदा की गई। सभी वर-वधुओं ने क्रमशः मंच पर उपस्थित होकर उनकी वर-माला की रस्म निभाई। तत्पश्चात् सभी वर-वधु पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में पहुँचे जहाँ वैदिक मंत्रोचार के द्वारा विद्वान 27 पण्डितों ने पाणिग्रहण संस्कार करवाया गया। इसके पश्चात् श्री हनुमान प्रसाद जांगिड (ट्यूब वेल कम्पनी), श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष आदि द्वारा नव वर-वधु को आर्शीवाद प्रदान किया गया तथा उपहार भेंट किया तथा सभी 21 जोड़ों को विदा किया। दोपहर को सामाजिक सम्मेलन में अतिथियों एवं भामाशाओं एवं राजनैतिक गणों को मंचासीन करवाया गया जिनमें श्री हनुमान प्रसाद गोगोरिया (अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट जयपुर), श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सुबोध जांगिड़ कलकत्ता, श्री किशनलाल जांगिड़ कोटा, श्री कैलाश चन्द लोईवाल, श्री रामरतन जांगिड उद्योगपति रामपुरा डाबड़ी, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिला अध्यक्ष जयपुर, एवं मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश, दामोदर जी अहमदाबाद, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हनुमान प्रसाद कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री लालचन्द जांगिड़ राष्ट्रीय संरक्षक जांगिड युवा शक्ति, श्री धर्मवीर जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष जांगिड़ युवा शक्ति, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेश अध्यक्ष राज. जांगिड़ युवा शक्ति, तथा राजनैतिक अतिथिगणों में श्री रामचरण बोहरा सांसद जयपुर शहर, श्री कैलाश वर्मा संसदीय सचिव राजस्थान सरकार, श्री बाबु लाल नागर पूर्व डेयरी मंत्री, श्री हरिशंकर जांगिड जिलाध्यक्ष कांग्रेस OBC प्रकोष्ठ, आदि तथा श्री महेश जी, श्री ईश्वर जांगिड, श्री हेमन्त जांगिड एवं श्री नरेन्द्र जांगिड सभी जोधपुर

से, श्री अजय दास जी महाराज, श्री गीतानन्द जी सरस्वती पीठाधीश, निशा जांगिड (दादीका फाटक), श्री शंकर लालजी, श्री प्रभुदयाल जी, श्री हनुमान सहायजी, श्री बाबुलाल जी सभी मोटरबॉडी जयपुर से, श्री घासीलाल जांगिड रेनवाल पूर्व तह. अध्यक्ष फागी, श्री मांगीलाल जांगिड बून्दी, श्री जगदीश जी लालसोट (जयपुर), श्री हनुमान जी तह. अध्यक्ष बगरू, श्री मुकेश झाझवाड़ तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्ण तह अध्यक्ष शाहपुरा, श्रीमती सीमा जांगिड गांधी नगर (गुजरात), डॉ. मुकेश समलेटी राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी महासभा, श्री शंकर लाल बारू तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री राधेश्याम जांगिड (रेनवाल) आदि मंचाधीन हुए।

भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई तथा सामूहिक आरती का गायन हुआ। सभी अतिथियों का अंगिरा युवा उत्थान समिति के पदाधिकारी व सामूहिक सम्मेलन के पदाधिकारियों श्री हनुमान सहाय खिलखानिया, श्री शंकर लाल बरवाड़िया, श्री सत्यनारायण माकड़, श्रीमती प्रभावती जांगिड, श्री शिवकुमार जी आदि द्वारा माल्यार्पण एवं साफा बन्धवाकर किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों में श्री गोविन्द नारायण जांगिड पूर्व सरपंच, श्री राजेश जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष फागी, श्री नरेन्द्र जी दिल्ली, श्री रामकिशोर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्रीराम स्वरूप जांगिड मोखमपुरा वाले, श्री नरेन्द्र जी पूर्व महामंत्री जिला सभा स.भा., श्री रामकिशोर रावत दौसा, छीतरमल जी अध्यक्ष अंगारीधाम, श्री मोहन लाल खटवाड़िया, श्री दीपक शर्मा वास्तुविद् एवं ज्योतिषाचार्य, श्री लल्लूराम जांगिड तह. अध्यक्ष जमवारामगढ़, श्री विनोद जांगिड राष्ट्रीय महासचिव युवा शक्ति, मनोज जी व कमल जी जिलाध्यक्ष जयपुर, जांगिड युवा शक्ति, श्री भगवान सहाय जांगिड कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री सूरजमल जांगिड वाटिका, श्री भंवर लाल मण्डावरा पूर्व शाखा सभा अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री लक्ष्मी नारायण सिंघानिया, श्री हनुमान सहाय जांगिड अध्यक्ष जा. हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी, श्री हरिनारायण जी पूर्व अध्यक्ष, श्री घनश्याम जांगिड, श्री गिरीराज प्रसाद जांगिड सिरस वाले सभी गुर्जर की थड़ी से, श्री गोपाल जी पेडवाल बन्धें के बालाजी, श्री ग्यारसीलाल जांगिड़, श्री रतनलाल हर्षवाल तह. अध्यक्ष दूदू, श्री धमेन्द्र पेडवाल अध्यक्ष शाखासभा दूदू, श्री अशोक कुमार हरसोलिया तह. आमेर, श्री बृजमोहन जांगिड अध्यक्ष एवं श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री भगवान सहाय जांगिड अध्यक्ष शाखासभा एवं श्री ओम प्रकाश जांगिड भांकरोटा, श्री महेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा पांच्यावाला, श्री गोपाल बिसायती, श्री जुगलकिशोर जी, श्री रामधन जी, श्री रामलाल जी, श्रीनारायण जी, श्री कैलाश जी सभी पांच्यावाला से, श्री मालीराम दैमण उपाध्यक्ष प्रदेशसभा, श्री पी.एन. शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेशसभा, श्री कन्हैयालाल धामा, कल्पना धीमान दिल्ली, श्री रामसहाय शर्मा डिब्बेवाले अध्यक्ष सांगानेर बास, श्री बाबुलाल जांगिड बरखेड़ा तह. अध्यक्ष चाकसू, श्री सूरजमल जांगिड कोटखाडा, रामअवतार जांगिड (शिव सेना), श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि, सहित लगभग 7000-8000 हजार समाज बन्धु उपस्थित हुए।

श्री बाबुलाल नागर, श्री रामचरण बोहरा, श्री कैलाश वर्मा, श्री घनश्याम जी पंवार, श्री लखन शर्मा द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें समाज में हो रहे सामूहिक विवाहों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, इससे अनावश्यक आर्थिक खर्च कम होता है तथा एक ऐसा संदेश जाता है जिसमें चमक दमक, दिखावा तथा दहेज कुप्रथा आदि को खत्म करना होता है। शिक्षा एवं संगठन पर भी जोर दिया गया। राजनैतिक वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में जांगिड समाज की प्रशंसा की तथा अपनी ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। मंच संचालन श्री हरिशंकर जांगिड एवं श्री विनोद जांगिड द्वारा किया गया।

सम्मेलन में मुख्य भूमिका श्री हनुमान सहाय खिलखनिया तह. अध्यक्ष बगरू, विवाह समिति के संयोजक श्री कैलाश चन्द लोईवाल, अध्यक्ष कन्हैयालाल रावत, प्रधान नानुराम रावत, उपप्रधान बाबुलाल आसल्या, जगदीश जी माकड़, लादूराम गोठवाल, भंवरजी बरवाड़िया, शंकर जी बड़वादिया अध्यक्ष अंगिरा युवा समिति, लालचन्द बिराणिया अध्यक्ष धर्मशाला, अंगिरा युवा समिति के कैलाश कींजा, सत्यनारायण माकड़, गणेश पंवार, दिनेश बरवाड़िया, राजेश पंवार, मुकेश जालुण्डिया, बजरंग पालड़िया, अशोक खिलकानिया, मुकेश बावल्या, सुभाष लौण्डीवाल, रामोतार बिराणिया, गजानन्द डेरोलिया, रवि कींजा, कमल लोईवाल, सुनील दोदोलिया, दिनेश रावत, चैनसुख रावत, अनिल दोदोलिया, कन्हैया लाल चोयल, सत्यनारायण आसल्या, श्याम पंवार, रामस्वरूप दायमा, मोहन दायमा, रामजीलाल दोदोलिया, बंशीजी ऊँती, प्रमावती जांगिड तह. अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बगरू, लक्ष्मी आसल्या भांकरोटा आदि की रही।

सम्मेलन में भामाशाह ने दिल खोलकर सहयोग किया।

## धोरीमन्ना (बाड़मेर) में विश्वकर्मा मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

धोरीमन्ना (बाड़मेर) में 21 अप्रैल 2018 को शिल्पाचार्य सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा मन्दिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन भव्य कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बोलियाँ परवान पर चढ़ी, भामाशाहों ने जी खोल कर बोलियाँ लगाई। समाज के गणमान्य नागरिकों एवं उच्च पायदानों पर पहुँचने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कुरीतियों से समाज को मुक्त करने का संकल्प भी लिया।

स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव लादूराम विश्नोई ने बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने ही सृष्टि का निर्माण किया था। उन्होंने ही शिल्प कला एवं इंजीनियरिंग की कला का संचार जगत में किया। हेमाराम चौधरी पूर्व राजस्व मंत्री, सुश्री पार्वती जांगिड चेयरपर्सन यूथ पार्लियामेंट तथा व्याख्याता नरेश पालेचा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालक श्री हरीश जांगिड एवं भोमराज सुथार ने किया। मुख्य कलश (इण्डा) राम दानाणि बुढ़ड परिवार खारी ने चढ़ाया झण्डा, मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा

की। बोलियों को आगे बढ़ाते हुए भामाशाहों ने दिल खोलकर दान किया। अमर ध्वजा के लाभार्थी डूंगरा राम कुलरिया बने। वहीं महाप्रसादी (फले चुंदडी) के चोखाराम माकड़ विश्वकर्मा ने मूर्ति स्थापना के धोंकलोणी माकड़ परिवार श्री गणेश भगवान की मूर्ति के राजाराम भदरेचा परिवार तथा हनुमान जी मूर्ति के किशनोणी माण्डण परिवार लाभार्थी बने। कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को संभालने में बिंजाराम जोपिंग के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी और छात्रसंघ के कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

**जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति सभा तहसील चाकसू द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 102 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

24 अप्रैल 2018 को जांगिड ब्राह्मण विकास समिति तहसील सभा चाकसू (जयपुर) के तत्वावधान में चतुर्थ आदर्श सामूहिक विवाह एवं सामाजिक सम्मेलन समारोह का आयोजन शीतला माता धाम चाकसू जयपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें 102 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

23 अप्रैल 2018 को प्रातः कलश शोभायात्रा निकाली गई, गणेश पूजन (श्री नारायण जी थूणी, श्री बजरंग लाल जी रूपवास) द्वारा किया गया। प्रधान कलश (कलश यात्रा) श्रीमती सोनू देवी एवं श्री मुकेश जांगिड शपथपुरा वाले रहे। ध्वजा रोहण श्री राधेश्याम जी राजोतिया हरभगतपुरा, बासड़ा निवाई द्वारा किया गया। वर-वधुओं का आगमन हुआ। चाक-भात-पहरावणी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

24 अप्रैल 2018 को प्रातः थाम स्थापना की गई। बारात शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ बस स्टेण्ड से निकाली गई जो कि प्रमुख मार्गों से सम्मेलन स्थल पर पहुँची। दुल्हन पक्ष के लोगों ने बारातियों का स्वागत भी किया। तोरण की रस्म पूरी की गई एवं वरमाला का कार्यक्रम भी हुआ। इसके पश्चात सभी वर-वधु पाणिग्रहण संस्कार पांडाल में पहुँचे जहाँ पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न किया। प्रधान कुंड (पाणिग्रहण संस्कार) श्रीमती मोती देवी एवं श्री प्रहलाद जांगिड उदयपुरिया वाले रहे।

दोपहर में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दीप प्रज्जवलन श्री छोटे लाल जांगिड प्रहलादपुरा, श्री कांति प्रसाद जी टाईगर, उप-प्रधान महासभा एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री मूलचंद जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री नाथूलाल जांगिड़ रूपवास सम्मेलन अध्यक्ष, श्री बाबूलाल जांगिड़ बरखेड़ा, तह. अध्यक्ष चाकसू, श्री जगदीश प्रसाद (स्वामी का बास) अध्यक्ष विकास समिति चाकसू, श्री पूरणमल जांगिड थली, संरक्षक, श्री रामस्वरूप कादेड़ा व श्री हरिशंकर शपथपुरा, श्री सूरजमल जी कोटखावदा-प्रबंधक, श्री धन्नालाल कल्याणपुरा सम्मेलन प्रभारी, श्री जयनारायण चंदलाई संयोजक, श्री दामोदर प्रसाद तीतरिया एवं श्री शंकर लाल थूणी प्रशासनिक सलाहकार, श्री प्रभुलाल गरुड़वासी महामंत्री आदि ने सहयोग किया।

सामाजिक सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर जांगिड़ राष्ट्रीय प्रधान-दिल्ली तथा समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। श्री कांतिप्रसाद टाईगर उप प्रधान महासभा, श्री हनुमान प्रसाद कोलाया-कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राजेश जांगिड कारवा वाले, श्री हनुमान सहाय पंवार टीलावाला सांगानेर, श्री चौथमल जांगिड कंवरपुरा, श्री राधेश्याम जी खोवाल-सांगानेर, श्री सूरजमल जांगिड-वाटिका, श्री रामप्रसाद-उदयपुरिया, श्री मूलचंद जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री हनुमान सहाय कींजा, अध्यक्ष एवं श्री हरिनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति, गुर्जर की थड़ी, श्री दुर्गालाल जांगिड (मांगरोल) संरक्षक, प्रदेश सभा राजस्थान, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, दुर्गापुरा, श्री के. एल. शर्मा पूर्व महामंत्री, श्री ओमप्रकाश काचरिया, श्री धन्नालाल पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा, श्री हुकमचंद बेवाल, श्री रमेश रजमाणा, श्री श्योजीराम पालगंज दूनी, श्री भैरुलाल जांगिड गिरदावर टोंक, श्री बाबूलाल जांगिड-जिला अध्यक्ष टोंक, श्री घासी लाल जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष फागी, श्री घासी लाल जांगिड पीपला-तह. अध्यक्ष फागी, श्री मालीराम जांगिड़ देमण सांगानेर उपाध्यक्ष-प्रदेश सभा राज. श्री पी.एन. शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा बरकत नगर, श्री रामजीलाल जांगिड-संगठन मंत्री महासभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री रमेशचंद लावंडीवाल-महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री भगवान सहाय कडवाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री कमलेश कुमार जांगिड-अध्यक्ष एवं श्री राजेश कुमार (नोहटा) पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा रामपुरा रोड़ सांगानेर, श्री कैलाशचंद जांगिड़ जगतपुरा, श्री मुकेश झाझवाड़ तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री रामबाबू रावत पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री मदनलाल जी बस्सी, श्री बाबूलाल जांगिड तूंगा वाले, श्री ओमप्रकाश जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा कानोता, श्री गोपाल जी कानोता पूर्व पंचायत समिति सदस्य, श्री चिमनलाल जी पूर्व सरपंच मण्डावरी, श्री रामस्वरूप शर्मा से.नि. अध्यापक जड़ावता, श्री रूपनारायण जी पराणा, श्री लक्ष्मण जांगिड सिरस वाले-मण्डल अध्यक्ष भाजपा नटवाड़ा-निवाई आदि तथा राजनैतिक क्षेत्र से माननीय श्री हरिश्चंद्र जी मीणा सांसद दौसा, श्री लक्ष्मीनारायण जी बैरवा स्थानीय विधायक चाकसू, श्री भूणालाल गुर्जर-सदस्य जिला परिषद् जयपुर, श्री शंकरलाल जांगिड-पार्षद नगर पालिका चाकसू आदि भी मंचासीन हुये। सभी अतिथियों का जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति एवं तहसील सभा चाकसू के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन श्री सियाराम जांगिड़ कुरथल जिलाध्यक्ष टोंक युवा प्रकोष्ठ एवं मोहन जांगिड जगतपुरा द्वारा किया गया। उद्बोधन की कड़ी में राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर जांगिड ने कहा- सम्मेलनों के आयोजन से फालतू खर्चों पर रोक लगती है एवं एकता बढ़ती है। हमें आपस में एक दूसरे का सहयोग कर समाज को आगे बढ़ाना है। प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को अधिक से अधिक शिक्षा दिलावें। शिक्षा से ही समाज का विकास होगा। सांसद हरिश्चन्द्र मीणा एवं विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा द्वारा अपने उद्बोधन में जांगिड समाज की प्रशंसा करते हुये कहा कि जांगिड समाज

मेहनतकश समाज है समाज में किसी भी तरह की कोई बुराईयाँ नहीं है दोनों ने समाज को अपने स्तर पर पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी अतिथियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। सम्मेलन में जयपुर सांगानेर, टोंक, फागी, दूदू, बस्सी, सवाई माधोपुर, बांसखो, दौसा, बौंली, लालसोट, तूंगा, कोटखावदा, लवाण सहित अनेक स्थानों के लोग आये। सम्मेलन में पूर्णतया शांति व्यवस्था बनी रही। सम्मेलन के आयोजकों की ओर से भोजन व्यवस्था, पांडाल व्यवस्था, शीतल पेय व जल की व्यवस्था बहुत सुन्दर रही। हजारों की संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति में नव युगल दाम्पत्य जीवन में बंधे। वर वधुओं को समिति द्वारा उपहार स्वरूप पलंग, फ्रीज, कूलर, सिलाई मशीन, ओवन, एलईडी, अलमारियां, आभूषणों में चांदी की पायजेब, चांदी की अंगूठी, हाथ घड़ी, बर्तन, सोने का मंगलसूत्र, सोने का टीका, सोने का नाक का कांटा आदि भेंट किये गये।

**दूजोद (सीकर) में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न।**

22 अप्रेल 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड सेवा समिति दूजोद, जिला सीकर द्वारा श्री विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा थे। अतिविशिष्ट अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई तथा विशिष्ठ अतिथियों में श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, प्रभुजी बरनेला प्रभारी म.प्र., शिव नारायण जी थानेदार पूर्व उपप्रधान, राहुल शर्मा पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष, श्री बनवारी लाल खण्डेलसर उप प्रधान, रामेश्वर जी नागवा, प्रहलाद जी प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, विनोद अजाडी कला, सूरजमलजी राजसमन्द, राजेन्द्रजी उदयपुर, ख्यालीराम उप प्रधान महासभा, चिरंजीलाल जांगिड अध्यक्ष छात्रावास सीकर आदि मंचासीन हुए। भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा की गई। अतिथियों का माल्यार्पण एवं बन्धवा कर समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया। अतिथि उद्‌बोधन हुआ। इस अवसर समाज के प्रतिभावान छात्रा-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। सभी ने भगवान की प्रसादी ग्रहण की।

**अ.भा.जा.ब्रा. महासभा दिल्ली की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम त्रैमासिक मिटिंग पुष्कर में सम्पन्न**

15 अप्रेल 2018 को अ. भा. जा. ब्रा. महासभा दिल्ली की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम त्रैमासिक मिटिंग तीर्थराज पुष्कर (अजमेर) राज. विश्वकर्मा मन्दिर के पास पारीक आश्रम, अजमेर रोड़ में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रधान, महासभा श्री रविशंकर जांगिड द्वारा की गई।

भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वजन कर प्रधान जी एवं अतिथियों द्वारा कर मिटिंग का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर जांगिड द्वारा शाखा सभा पुष्कर की नवगठित कार्य कारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा एवं प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा का अभिनन्दन किया गया तथा विभिन्न प्रदेशों से पधारे प्रदेशाध्यक्षों एवं अतिथियों का भी सम्मान माल्यार्पण, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार, मंत्री श्री हनुमान प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्री मोहनलाल एवं पुष्कर कमेटी श्री देवकरण जी पाटली, पुष्कर नोहरा अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त गेपाल, श्री गोपाल गोठड़ीवाल, श्री रामचन्द्र हर्षवाल आदि द्वारा सम्मानित किया गया।

महामंत्री महासभा श्री चन्द्रपाल भारद्वाज जी द्वारा मंच संचालन करते हुए अतिथियों को मंचासीन करवाया गया जिनमें प्रधान श्री रविशंकर जांगिड, पूर्व प्रधान श्री कैलाश चन्द्र बरनेला, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री पी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश, श्री शेरसिंह जांगिड प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री प्रहलाद जी जांगिड प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री अमराराम जी जांगिड दुबई (अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा)श्री श्याम लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष उत्तराखंड, श्री राधेश्याम शर्मा उत्तरप्रदेश आदि को मंचासीन करवाया।

सभी मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात् महामंत्री महासभा द्वारा बैठक के एजेंडे के बारे में अवगत करवाया तथा सभी प्रदेशाध्यक्षों द्वारा उद्‌बोधन हुआ जिसमें उन्होंने अपने अपने प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट पेश की। सभी सुझावों पर विचार विमर्श करते हुए सर्व सम्मति से यह तय किया कि प्रदेश अध्यक्षों की देखरेख में जिला सभा, तहसील सभा स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर मिशन 1 लाख पूरा करने हेतु अधिक से अधिक सदस्य बनाये तथा समाज को संगठित रहने का प्रयास किया जाये। प्रदेशों में जनगणना का कार्य प्रारम्भ किया जाये ताकि वास्तविक समाज की जनसंख्या का पता चले।

✻ जांगिड पत्र की न मिलने की शिकायतें आती है जिसके लिए डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलवाने हेतु ठोस कदम उठाया जाऐ या इसकी जिम्मेदारी प्रदेशाध्यक्षों पर डाली जाऐ ताकि पत्रिका को सभाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था कर शिकायत दूर कर सके।

✻ महासभा में समाज से सम्बधित जो साहित्य है उसे पुनः प्रकाशन कर इच्छुक समाज बन्धुओं तक उपलब्ध करवाया जाऐ जो कि हमारी संस्कृति एवं इतिहास के प्रचार-प्रसार के लिए अति आवश्यक है।

✻ महासभा का नवीन प्रस्तावित भवन मुण्डका ( दिल्ली) में बनाने हेतु जिन-जिन दानदाताओं ने दान देने का घोषणाऐं की थी उनसे घोषित अनुदान राशि इक्कठा करने का प्रयास किया जाऐ।

✻ समाज में समरसता बनाये रखने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाये जिससे परस्पर मनमुटाव व वैमनस्यता को दूर किया जा सके। समाज को एक मजबूत एवं संगठित ढ़ांचा तैयार करें जिसमें सभी प्रदेशसभाओं एवं अन्य शाखा सभाओं का सहयोग वांछित रहे।

महामंत्री श्री-चन्द्रपाल भारद्वाज द्वारा अनेक विषयों पर उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस कार्यकाल में इनको प्रमुखता से लेंगे। इसी पर महासभा अपना कार्यक्रम आगे बढ़ाती रहेगी।

श्री रमेश सीधड़ पूर्व मुख्य चुनाव प्रभारी ने बताया महासभा का पूर्व का कार्यकाल सराहनीय रहा, महासभा एक वटवृक्ष है जिसके नीचे सभी

शाखाऐं फल-फूल रही है तथा सभी समाज बन्धओं का महासभा प्रधान जी का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्षों द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली ने प्रधान जी को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा अधिक से अधिक लोगों को महासभा से जुड़ने व संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

डॉ. शेरसिंह जांगड़ा हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष ने बताया अब तक 13000 सदस्य बना चुके है तथा मुख्यमंत्री से मिलकर विश्वकर्मा जयंति पर अवकाश की मांग रखी है।

इस अवसर पर सम्पादक महासभा एवं सहसम्पादक क्रमशः श्री प्रभुदयाल शर्मा एवं मनोहर लाल शर्मा को भी पूर्व प्रधान द्वारा अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। राज. प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा जी ने प्रधान जी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया तथा अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध भी किया। श्री अमराराम जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में प्रवासी भारतीयों से महासभा से जुड़ने का आह्वान किया। श्री देवकी नन्दन नागल अजमेर को उच्चस्तरीय कमेटी का सदस्य मनोनीत किया।

पूर्व प्रधान श्री कैलाश चन्द्र बरनेला ने सभी से महासभा भवन बनाने में सहयोग करने की अपील की जिसमें प्रेरित होकर श्री हरपाल जी पाली ने रू. 1,01,000, श्री गोपाल चोयल अजमेर ने रू. 5 लाख, श्री प्रहलाद राय जी महाराष्ट्र ने 2.51 लाख रू तथा श्री संजय हर्षवाल जयपुर ने रू. 5 लाख देने की घोषणा की जिसका पाण्डाल में बैठे सभी समाज बन्धुओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

प्रधान श्री रविशंकर जी ने सभी को परस्पर सहयोग करने एवं महासभा के प्रति सकारात्मक सोच रखने का अनुरोध किया। हमारा उद्देश्य समाज को जोड़ना है, समाज का उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने में आपके सहयोग की आवश्यकता है इस पर सभी ने प्रधान का समर्थन किया। नये सदस्यों को शामिल किया उनको भी पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रधान द्वारा दिलवाई गई। प्रधान जी ने समाज में प्रचलित कुरुतियों को दूर करने पर जोर दिया जिसमें शादियों व उत्सवों में अनावश्यक खर्च न कर शिक्षा पर अधिक बल देने को कहा एवं सभी आगन्तुकों को धन्यवाद दिया। महामंत्री श्री चन्द्रपाल भारद्वाज द्वारा अपने अनोखे अन्दाज में मंच संचालन किया गया।

## जांगिड हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर द्वारा विश्वकर्मा मन्दिर में तृतीय पाटोत्सव सम्पन्न

22 अप्रैल 2018 को प्रातः 101 महिलाऐं कलश लेकर विश्वकर्मा मन्दिर देवी नगर से होती हुई देवीनगर, कटेवा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई लवाजमा व बैण्ड बाजे के साथ श्री विश्वकर्मा मन्दिर कटेवा नगर पर पहुंची। इस शोभा यात्रा के दौरान देवी नगर कटेवा नगर जयपुर शहर से गणमान्य समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही। इस दौरान जगह-जगह शीतल पेय एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। एवं कटेवा नगर विकास समिति व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इसके उपरान्त रामायण पाठ का आयोजन प्रारम्भ किया गया।

23 अप्रेल 2018 को कटेवा नगर मन्दिर से समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्री हनुमान सहाय कींजा-अध्यक्ष,श्री चिमनलाल दैमन, श्री राजेश जांगिड कींजा-महामंत्री, श्री रमेश जांगिड चित्तोड़ा कोषाध्यक्ष, श्री रामधन जांगिड संगठन मंत्री एवं सोहनलाल जांगिड प्रचार मंत्री, श्री तेज कुमार शर्मा (आर्टिस्ट) मुख्य सलाहकार, श्री प्रहलाद राय जांगिड संरक्षक, श्री बिरदी चन्द जी, श्री मनोज जांगिड दत्तवास, श्री गिर्राज प्रसाद , श्री मालीराम जांगिड, श्री घनश्याम जांगिड, श्री भगवान सहाय कींजा, श्री भंवर लाल, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, आदि ध्वज यात्रा लेकर श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में पहुंचे। ध्वज पूजन के साथ ही मंदिर शिखर पर ध्वजा फहराई गई। पंचामृत अभिषेक श्री हनुमान सहाय कींजा-सपत्नीक द्वारा किया गया जिसमें उपरोक्त समाज-बंधुओं की उपस्थिति रही। हवन एवं पूर्णाहिती अध्यक्ष श्री हनुमान कींजा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सपत्नीक किया। इसके पश्चात् महाआरती हुई एवं सभी ने प्रसादी ग्रहण की।

## विश्वकर्मा मन्दिर रूंज्या स्टेण्ड जयपुर में पाटोत्सव महोत्सव सम्पन्न

28 अप्रैल, 2018 को विश्वकर्मा मन्दिर रूंज्या स्टेण्ड, कर्मपुरा, चम्पापुर, कालवाड़ रोड़, जयपुर में पाटोत्सव महोत्सव का शाखा सभा झोटवाड़ा द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें महाराज अभयदास जी एवं स्वामी सरस्वती नित्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें सहयोग रहा श्री श्रवण लाल जांगिड, श्री भंवरलाल दायमा, श्री कान जी महाराज, श्री राधेश्याम तीतरवाड़िया का। अ.भा.जां.ब्रा. शाखा सभा झोटवाड़ा की मीटिंग हुई। महोत्सव की अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर तथा मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. पूर्व जिलाध्यक्ष श्री सुरेश पिलवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। शाखा सभा क्षेत्र से प्रदेश सभा कार्यकारिणी में मनोनीत हुए सदस्यों का भी शाखा सभा की ओर से अभिनन्दन किया गया। श्री घनश्याम पंवार, श्री लखन शर्मा ने अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों को शिक्षा, समाज एकता व कुरुतियों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल द्वारा किया गया।

श्री लल्लू लाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। महोत्सव में लगभग 300 समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही और सभभ को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया।

## शिव पंचायतन की प्राण प्रतिष्ठा

हमारी पावन संस्कृति हमारे जीवनों को आवृत्त करने के लिए पूर्वजों द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ परम्पराओं का निर्वहन करने के लिए आज भी प्रेरित करती है। इस परिप्रेक्ष्य में भगवान शिव का परिवार अनादि काल से अपने असीमित आदर्शों के रूप में हमारे पूजनीय एवं प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इस उपलक्ष्य में दौसा जिले के ग्राम-मानपुर की आदर्श कॉलोनी में 20 अप्रैल, 2018 को फैड़वाल परिवार द्वारा नव मन्दिर भवन का निर्माण कराकर उसमें इन्होंने आचार्य के सान्निध्य में विधि-विधान से शिव पंचायतन की स्थापना कराई। प्राण प्रतिष्ठा के उपरान्त

इन्हें फूल बंगला झाँकी से सुशोभित किया।

श्री महेश व्यास आचार्य एवं अन्य पंडितों के नेतृत्व में पाँचों यजमान सर्व श्री जगदीश प्रसाद जांगिड, सीताराम जांगिड, रामअवतार जांगिड, अनिल जांगिड एवं ओमप्रकाश जांगिड द्वारा सपत्नीक पूजा-अर्चना, यज्ञ इत्यादि किए गए। यजमानों द्वारा मन्दिर परिसर में पूजा-अर्चना-यज्ञ इत्यादि का क्रम पाँच दिवस रहा।

यज्ञ-पूर्णाहूति के उपरान्त श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस कार्यक्रम में सगे-सम्बन्धियों, ग्रामवासी एवं आस-पास के श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति रही। रात्रि जागरण-भजन कीर्तन एवं शास्त्रोक्त शिव विवाह का गान ने भक्ती भावों से उपस्थित सभी जनों को रिझाया। भात-मायरा जैसी रस्म की अदायगी भी रही।

उक्त कार्यक्रम के प्रथम दिवस 16 अप्रैल, 2018 को ग्राम के मुख्य बाजार में स्थित एक अन्य महादेव मन्दिर में आचार्य द्वारा शिव पंचायतन एवं ध्वजा की पूजा-अर्चना सपत्नीक यजमानो द्वारा कराई। पाँचों यजमानों ने अपने-अपने मस्तकों पर प्रतिमाओं को रखकर एवं महिलाओं द्वारा कलशों को धारण कर मुख्य बाजार से अनेकों श्रद्धालुओं के साथ शोभा यात्रा निकली जोकि नव निर्मित शिव मन्दिर आदर्श कॉलोनी पहुँची। भक्तिमय बैण्ड-बाजों की धुन, श्रद्धालु, महिलाओं के मंगल गान इत्यादि से युक्त कलश-यात्रा अतिशोभायमान रही। इस दौरान बीच-बीच में श्रद्धालुओं द्वारा यजमानों का श्रद्धा प्रकट कर सत्कार किया। फैडवाल परिवार के सभी व्यक्तियों ने जुटकर इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराया।

**-जांगिड सीताराम शर्मा**

## अंगिरा छात्रावास एवं सामुदायिक भवन बारां का भूमि पूजन एवं भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

6 मई 2018 को अ.भा.जा.ब्रा. महासभा जिला सभा बारां एवं जांगिड ब्राह्मण विकास समिति जिला बारां के संयुक्त तत्वावधान में अंगिरा छात्रावास एवं सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन प्रस्तावित भूमि, अंगिरा छात्रावास एवं सामुदायिक भवन दुर्जनपुरा फोर लेन के पास बारां (राज.) में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रमोद जैन भाया (पूर्व सार्वजनिक निर्माण मंत्री) थे। अतिविशिष्ठ अतिथि श्री लखन शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री रामस्वरूप जांगिड (बगवाड़ा वाले) जयपुर तथा स्वागताध्यक्ष श्री अशोक जी शर्मा (कॉन्ट्रेक्टर सीकर वाले) कोटा थे। विशिष्ठ अतिथि श्री सांवरमल जांगिड उप प्रधान महोदय, श्री कैलाश जी जागिड जिलाध्यक्ष झालावाड़, श्री मदन जी जांगिड जिलाध्यक्ष कोटा, श्री नवल जी जांगिड जिलाध्यक्ष बूँदी, श्री लोकेश जी जांगिड अध्यक्ष नवयुवक मण्डल कोटा, श्री चतुर्भुज जी जांगिड (अध्यक्ष हाड़ौती उत्थान समिति कोटा) आदि मंचासीन हुए। मंचासीन अतिथि में राधेश्याम जांगिड (रेनवाल) उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राजस्थान, श्री बिरधीचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष बून्दी, श्री दीपक शर्मा वास्तुविद् एवं ज्योतिषाचार्य जयपुर, श्री श्याम पंवार बगरु (जयपुर), श्री छीतरमल जी (आर्यसमाजी), श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, डॉ. विरेश बेरीवाल बारां, डॉ. घनश्याम बरदानिया बारां, श्री रामकल्याण जी चेयरमेन साहब, श्री सुरेश जी पूर्व जिलाध्यक्ष कोटा, सुश्री कुसुम जांगिड कोटा। श्री देवीलाल जी कोटा, बाबूलाल जी कोटा, श्री रामप्रसाद जी, श्री सूरजमल जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा (आमली वाले) कोटा, श्री विरेन्द्र कुमार जी, श्री देवकीनन्दन जी कोटा आदि मंचासीन हुए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह प्रारंभ हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा एवं साफा बंधवाकर श्री हेमन्त जांगिड जिलाध्यक्ष, श्री धनराज जांगिड अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण विकास समिति, श्री रामचरण खलमानिया एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इससे पूर्व श्री राष्ट्रीय प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष जी द्वारा अंगिरा छात्रावास एवं सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया जिसमें सभी अतिथियों ने सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर भामाशाहों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने इस भूमि के लिए अपना अमुल्य योगदान प्रदान किया। पूर्व प्रधान श्री कैलाश चन्द्र बरनेला जी द्वारा इसके लिए 50,000 रु का आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा आगे भी सहयोग का आश्वासन देने को कहा। आप इस समारोह में अतिविशिष्ट मुख्य अतिथि थे लेकिन अति व्यस्तता के कारण उपस्थित नहीं हो सके। छात्रावास एवं सामुदायिक भवन के लिए 14140 वर्ग फीट जमीन ली गई जिसकी लागत 12.5 लाख आई।

सर्वप्रथम श्री हेमन्त जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा समाज को जमीन खरीद एवं भामाशाहों के सहयोग के बारे में अवगत कराया तथा मंचासीन अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

जिलाध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी बधाई के पात्र है जिन्होंने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया एवं सफलता अर्जित की। मंच संचालन श्री सुरेश शर्मा, श्री हेमन्त जांगिड एवं श्री रामचरण खलमानिया जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों मातृशक्ति एवं समाज बंधुओं ने उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाया।

जिन छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2016-17 (बारां जिला) में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए उनको सम्मानित किया गया। उद्बोधन की कड़ी में श्री रामस्वरूप जी बगवाड़ा उद्योगपति जयपुर ने अपने उद्बोधन में जांगिड शब्द का प्रयोग करने पर विशेष बल दिया तथा कहा 5 रुपये प्रत्येक दिन की बचत करें तो इतनी धनराशि हो सकती है। श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष कोटा द्वारा उद्बोधन हुआ तथा डॉ. विरेश बेरीवाल ने भी अपने विचार सभा के समक्ष रखे। श्री अशोक शर्मा जी ने इस भूमि के लिए अपने विचार व्यक्त किए एवं पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में संगठन पर बल दिया तथा सभी से अपील की इस छात्रावास भूमि पर भवन बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करें। इससे समाज विकास को नई दिशा मिलेगी। मैं और हमारे प्रधान जी हर जगह जाते है और इसीलिए जाते है कि समाज

का विकास हो। अभी हमारा कोई एम.एल.ए. एवं सांसद नहीं है। हम उस पार्टी को वोट देंगे जो हमारे हित की बात करेगी। महंगी शादियों आदि से हमें परहेज करना चाहिए। हमें समाज में व्याप्त कुरुतियों को भी समाप्त करना है। हमारे सब जगह भगवान विश्वकर्मा जी के मन्दिर है पर वहाँ कौन जाता है। सभी वारों के नाम के देवी-देवता है। पर विश्वकर्मा जी का कौनसा वार है। हमें विश्वकर्मा भगवान हमारे आराध्य देव का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रसादी, सवामणी तथा भण्डारे आदि करना चाहिए।

श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान जी ने समाज के समक्ष अपने विचार रखे तथा कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को तन-मन-धन से सेवाऐं देनी चाहिए। मैं जिलाध्यक्ष श्री हेमन्त जी एवं उनकी कार्यकारिणी को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने इतना बड़ा कार्य भूमि क्रय कर किया। उन्होंने अपने जिलाध्यक्ष रहते हुए चित्तौड़गढ़ में छात्रावास में ईनामी कूपन सिस्टम रखकर धन इकट्ठा किया था। आप भी ऐसा कर सकते है। मैंने 18 लाख इकट्ठा किया था तथा ईनाम की राशि के तहत मात्र 1 लाख रुपये खर्च हुआ और 17 लाख की बचत की थी। पहली बार हेमन्त जी के कार्यकाल में जनगणना कर (बारां जिले की) ऐतिहासिक कार्य किया है। मैं तो आपसे यही कहूँगा ऐसे व्यक्ति (हेमन्त जी) को एक अवसर और प्रदान करना चाहिए। बाकी तो समाज बंधुओं पर है। उन्होंने कहा 1 रु. प्रति व्यक्ति प्रत्येक दिन बचत कर इतनी बड़ी धनराशि इकट्ठी हो सकती है कि हमें सहयोग माँगने की आवश्यकता ही नहीं होगी।

श्री दीपक शर्मा ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविद् द्वारा भी बहुत मार्मिक एवं उपयोगी बातें बताई गई। श्री राधेश्याम जांगिड रेनवाल द्वारा भी उद्‌बोधन हुआ। श्री लोकेश जांगिड कोटा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए।

अन्त में श्री हेमन्त जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा सभी आगुन्तक अतिथियों, समाज बंधुओं का आभार प्रकट करते हुए स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया।